The PONTY CHADHA FOUNDATION

पोंटी चड्ढा फाउंडेशन ने भारत में खाद्य पदार्थों की कमी पर चर्चा के लिए ग्लोबल फूड बैंकिंग नेटवर्क के क्रिस रेबस्टॉक का स्वागत किया

नोएडा, 20 नवंबर, 2014 : पोंटी चड्ढा फाउंडेशन, जो कि इंडिया फूड बैंकिंग नेटवर्क के सहयोग नोएडा और गाजियाबाद में जरूरतमंदों को खाद्यान्न उपलब्ध कराते हैं, **श्री क्रिस रेबस्टॉक, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, नेटवर्क डेवलपमेंट, ग्लोबल फूड बैंकिंग नेटवर्क** को भारत में खाद्य वस्तुओं की कमी और फूड बैंक उसे किस प्रकार दूर कर सकते हैं, पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर फूड बैंकों के महत्व और भारत में इस परिप्रेक्ष्य पर चर्चा के लिए **सुश्री वंदना सिंह, सीईओ, इंडिया फूड बैंकिंग नेटवर्क** भी उपस्थित थीं।

पोंटी चड्ढा फाउंडेशन ने क्रिस रेबस्टॉक की भारत यात्रा के दौरान नोएडा और गाजियाबाद फूड बैंकों के बारे में अपना पक्ष उनके समक्ष रखा और साथ ही कार्पोरेट समुदाय तथा गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से एनसीआर में खाद्य वस्तुओं की कमी की समस्या से निपटने का भरोसा दिलाया। फाउंडेशन द्वारा भूख राहत प्रबंधन के जरिए सामाजिक–आर्थिक विकास पर ध्यान देने की रणनीति के चलते, सीधे किसानों से खाद्यान्नों को एकत्र किया जाएगा और उन्हें फाउंडेशन के भंडार गृहों में रखा जाएगा जहां से ग्रामीणों को दैनिक आधार पर इनका वितरण किया जाएगा।

इस अवसर पर **श्री क्रिस रेबस्टॉक, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, नेटवर्क डेवलपमेंट, ग्लोबल फूड बैंकिंग नेटवर्क** ने कहा, ''फूड बैंक हर देश में वहां के हालात के हिसाब से रणनीति बनाता है। भारत में हम भुखमरी और कुपोषण से प्रभावित लोगों की संख्या कम करने पर खासतौर से ध्यान देते हैं। हमारा उद्देश्य अलग–अलग संगठनों जैसे फूड चेन, सरकारी और निजी संगठनों से अधिकतम सहयोग हासिल करना है ताकि जरूरतमंदों की मदद हो सके। हम भारत समेत दूसरे देशों में भुखमरी की समस्या को कम करने के लिए वचनबद्ध हैं।''

सुश्री वंदना सिंह, सीईओ, इंडिया फूड बैंकिंग नेटवर्क ने कहा, ''हम समुदाय की सेवा के लिए समर्पित हें और राष्ट्रीय स्तर पर इस मॉडल के दोहराव से भारत में भुखमरी की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी और हमें उम्मीद है कि 2020 तक देश के हर जिले में एक फूड बैंक होगा। दिल्ली और एनसीआर के बाद हम मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद तथा जयपुर में भी अपने परिचालन का विस्तार करने को उत्सुक हैं।''

पोंटी चड्ढा फाउंडेशन न सिर्फ जरूरतमंदों के लिए भोजन मुहैया कराने का लक्ष्य रखता है बल्कि साथ ही क्षेत्र में भुखमरी और कुपोषण को समाप्त करने के बारे में भी सक्रिय रूप से लोगों को जागरूक बनाने पर केंद्रित है। पोंटी चड्ढा फाउंडेशन ने इंडिया फूड बैंकिंग नेटवर्क के तहत् वेव ग्रुप के मॉल्स और जेनेसिस

ग्लोबल स्कूल में खाद्यान्न वितरण गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। इंडिया फूड बैंकिंग नेटवर्क के साथ मिलकर पोंटी चड्ढा फाउंडेशन देश में खाद्य संकट से निपटने के लिए भी काफी सक्रिय है।

नोएडा तथा गाजियाबाद फूड बैंकों के संचालकर्ता के तौर पर **पोंटी चड्ढा फाउंडेशन में चीफ मैनेजिंग वर्कर श्री संदीप शुक्ला ने कहा**, ''इंडिया फूड बैंकिंग नेटवर्क के भागीदारों के रूप में हम नोएडा और गाजियाबाद के संगठनों से खाद्यान्नों या पके हुए भोजन को उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हैं ताकि जरूरतमंद लोगों को इन्हें वितरित किया जा सके। दूसरे, हम परोपकारी संगठनों, स्कूलों, अनाथालायों तथा अन्य राहत एजेंसियों से भी अनुरोध करते हैं कि हमारे इस प्रयास में हमारा सहयोग करें ताकि देश से भुखमरी को मिटाया जा सके।''

पोंटी चड्ढा फाउंडेशन के बारे में

पोंटी चड्ढा फाउंडेशन की स्थापना वेव समूह के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय श्री गुरदीप (पोंटी) सिंह चड्ढा ने की थी। अब इसकी अगुआई उनकी पत्नी श्रीमती जतिंदर कौर चड्ढा कर रही हैं और यह फाउंडेशन सामाजिक कल्याण के लिए कार्य करता है। फाउंडेशन का लक्ष्य जाति, धर्म, रंग और लिंग के आधार पर हो रहे भेदभाव से ऊपर उठकर समाज के जरूरतमंदों, सुविधा से वंचित और कमजोर तबके के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल करना है। फाउंडेशन की कोशिश फूड बैंक के जरिये जरूरतमंदों को शिक्षा, चिकित्सकीय सहायता और भोजन मुहैया कराना है।

पोंटी चड्ढा फाउंडेशन सामाजिक सेवा को बहुत अहमियत देती है और गरीबों व नजरअंदाज किए गए तबके के समक्ष मौजूद सामान्य सामाजिक चुनौतियों को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पूरे समर्पण के साथ समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। इसके लिए फाउंडेशन नियमित रूप से मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर, भोजन मुहैया कराना और विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए स्कूल स्थापित कर रहा है। पोंटी चड्ढा फाउंडेशन की सबसे बड़ी उपलब्धि विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए माता भगवंती चड्ढा निकेतन स्कूल की स्थापना करना है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें :

नितिश पांडेय, *npande@perfectrelations.com- 9999720699*